**मूल हिंदी में**

**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2578**
17.03.2025 को उत्तर के लिए

**नगर वन योजना के अंतर्गत 100 दिवसीय कार्य योजना**

**2578. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर :**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील :**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे :**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय की 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र, संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में स्वीकृत "नगर वन योजना" का ब्यौरा क्या है;

(ख) "नगर वन योजना" के अंतर्गत वर्ष 2030 तक वनरोपण का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) क्या उक्त "नगर वन योजना" शहरी क्षेत्रों को पर्यावरणीय अवक्रमण और अतिक्रमण से बचाने में सहायक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) मंत्रालय ने अपनी 100 दिवसीय कार्ययोजना के कार्यान्वयन में नगर वन योजना के अंतर्गत सात राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 111 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 100 दिवसीय कार्ययोजना से पहले महाराष्ट्र राज्य के लिए कुल नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। नगर वन योजना के अंतर्गत दादरा और नगर हवेली संघ शासित क्षेत्र से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। मंत्रालय की 100 दिवसीय कार्ययोजना में नगर वन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।

(ख) नगर वन योजना में वर्ष 2026-27 तक नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका/शहरी स्थानीय निकाय वाले शहरों में 1000 नगर वन/नगर वाटिका बनाने की परिकल्पना की गई है। नगर वन/ वाटिका के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यकलापों में देशी झाड़ियों और वृक्षों की प्रजातियों के पौधे

लगाना, बाड़ लगाने के साथ-साथ मिट्टी की नमी के संरक्षण संबंधी उपाय शामिल हैं। अब तक 31 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में 546 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

(ग) नगर वन योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में हरित क्षेत्र और सौंदर्यपरक वातावरण का निर्माण करना, पौधों और जैवविविधता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, क्षेत्र की महत्वपूर्ण वनस्पतियों का संरक्षण करना, प्रदूषण कम करके शहरों के पर्यावरण सुधार में योगदान देना, स्वच्छ वायु उपलब्ध कराना, शोर में कमी लाना, जल संचयन और अत्यधिक गर्मी वाले क्षेत्रों (हीट आइलैंड) के प्रभाव में कमी लाना, शहर के निवासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना आदि है। नगर वन योजना के तहत अन्य वनरोपण प्रयासों के साथ-साथ विभिन्न हरित कार्यकलापों के माध्यम से देश में वन भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षा प्रदान करते हुए हरित आवरण को बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

*****

**अनुबंध-1**

**'नगर वन योजना के अंतर्गत 100 दिवसीय कार्य योजना' के संबंध में श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर, श्री ज्ञानेश्वर पाटील, श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे और डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे द्वारा दिनांक 17.03.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न 2578 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**मंत्रालय की 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत नगर वन योजना (एनवीवाई) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की राज्यवार संख्या**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या** | **कुल आवंटित धनराशि (करोड़ रुपए में)** | **जारी की गई निधि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 11 | 22 | 15.4 |
| 2 | जम्मू और कश्मीर | 23 | 9.8 | 6.86 |
| 3 | कर्नाटक | 19 | 22.83 | 15.98 |
| **4** | **मध्य प्रदेश** | **29** | **29.28** | **20.5** |
| 5 | राजस्थान | 8 | 11.22 | 7.85 |
| 6 | तेलंगाना | 14 | 27 | 18.9 |
| 7 | उत्तर प्रदेश | 7 | 11.88 | 8.31 |
| **कुल** | | **111** | **134.01** | **93.8** |

***